12.	असम पशु चिकित्सा कालेज, खानपाड़ा, गोहाटी (असम)	शहरी
13.	परभनी पशु चिकित्सा कालेज; परभनी (महाराष्ट्र)	शहरी
14.	बंगाल पशु चिकित्सा कालेज, बेलगछिया, कलकत्ता-37 (पश्चिमी बंगाल)	शहरी
15.	मद्रास पशु चिकित्सा कालेज, वेपेरी, मद्रास-7 (तमिलनाडू)	शहरी
16.	बम्बई पशु चिकित्सा कालेज, पंरेल बम्बई (महाराष्ट्र)	शहरी
17.	नागपुर पशु चिकित्सा कालेज, नागपुर (महाराष्ट्र)	शहरी
18.	पशु चिकित्सा विज्ञान तथा पशुपालन गुजरात कालेज, आनन्द (गुजरात)	शहरी
19.	पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कालेज, उदयपुर विश्वविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान)	शहरी
20.	पशु चिकित्सा औषध कालेज हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार (हरियाणा)	शहरी
21.	पशु चिकित्सा औषध कालेज पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना (पंजाब)	शहरी
22.	पशु चिकित्सा विज्ञान तथा पशुपालन कालेज, मथुरा (उत्तर प्रदेश)	शहरी

देश में दुधारू पशुओं की संख्या

6868. **श्री कुम्भा राम आर्य :** क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कुल कितने दुधारू पशु हैं; और

(ख) शहरों और गांवों में इनकी संख्या कितनी है ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) पशुधन-संगणना के माध्यम से दुधारू गोपशुओं सहित पशुधन का ब्योरा हर पांच वर्ष के बाद एकत्र किया जाता है। पिछली अखिल भारतीय संगणना 1977 में की गई थी। उक्त संगणना के अनुसार देश में कुल दुधारू गोपशुओं की संख्या निम्नलिखित है :—

अनन्तिम (हजार में)

	गाय	भैंस
(1) दुधारू	23,212	17,000
(2) अन्य	34,630	14,896
	57,842	31,896

(ख) उनका ग्रामीण-शहरी ब्योरा निम्न प्रकार था :—

	गाय	भैंस
ग्रामीण	54949.90	30301.20
शहरी	2892.10	1594.80
योग	57842	31896